**भारत सरकार**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2810**
**उत्तर देने की तारीख 05.08.2021**

**खादी ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र**

2810. श्री रतनसिंह मगनसिंह राठौड़ः
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हेः
श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरेः
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुलेः
श्री बी. मणिक्कम टैगोरः
डॉ. सुभाष रामराव भामरेः
डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गुजरात, तमिलनाडु और महाराष्ट्र सहित देश में वर्तमान में संचालित खादी ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्रों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या इन प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षण को प्रभावित करने वाली नवीनतम प्रौद्योगिकी की कमी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और क्या सरकार का इन प्रशिक्षण केन्द्रों का आधुनिकीकरण करने का विचार है;

(ग) क्या सरकार ने इन प्रशिक्षण केन्द्रों के कार्यनिष्पादन का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उसके क्या परिणाम रहे;

(घ) क्या सरकार को ऐसे नए प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना के लिए उक्त राज्यों से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ङ) यदि हां, तो इस उद्देश्य के लिए पहचाने गए केन्द्रों का ब्यौरा क्या है और इनके चयन के लिए अपनाए गए मापदंड क्या हैं;

(च) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान प्रत्येक केन्द्र के आधुनिकीकरण के लिए आवंटित और उपयोग की गई निधियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(छ) क्या सरकार का देश में बेरोजगारों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का भी विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा और स्थान क्या हैं और उक्त प्रशिक्षण केन्द्रों के कब तक कार्यशील बनाए जाने की संभावना है?

**उत्तर**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री**
**(श्री नारायण राणे)**

(क) खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के तमिलनाडु और महाराष्ट्र सहित देश में कुल 34 प्रशिक्षण केन्द्र वर्तमान में क्रियाशील हैं। गुजरात राज्य में केवीआईसी का कोई प्रशिक्षण केन्द्र काम नहीं कर रहा है। केवीआईसी के प्रशिक्षण केन्द्रों की राज्य-वार संख्या **अनुबंध-I** में दी गई है।

(ख) खादी और ग्रामोद्योग से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षण केन्द्रों में नवीनतम प्रौद्योगिकियों का कार्यान्वयन किया जा रहा है। इसके अलावा, 'संस्थागत क्षमता निर्माण' को आवश्यकता आधार पर किया जा रहा है।

हाल ही में प्रशिक्षण, 15 मौजूदा बहु-विषयक प्रशिक्षण केन्द्रों (एमडीटीसी) के आधुनिकीकरण और कोलकाता में एक नए एमडीटीसी (उत्कृष्टता केन्द्र) की स्थापना और 3 एमडीटीसी अर्थात गुवाहाटी, बेंगलुरू और नासिक में कंप्यूटर लैब स्थापित करने के लिए 31.03.2021 तक 13.18 करोड़ रू. की राशि का उपयोग किया गया है।

(ग) प्रशिक्षण केन्द्रों के कार्यनिष्पादन के आकलन के लिए कोई विशिष्ट अध्ययन नहीं किया गया है। तथापि, केवीआईसी समय-समय पर प्रशिक्षण केन्द्रों के कार्यनिष्पादन का आकलन करता है और इन प्रशिक्षण केन्द्रों के सुधार के लिए आवश्यक उपाय करता है।

(घ) गुजरात, तमिलनाडु और महाराष्ट्र राज्यों से नए प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना के लिए कोई विशिष्ट प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

(च) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान 'खादी सुधार और विकास कार्यक्रम' (केआरडीपी) के अंतर्गत आधुनिकीकरण सहित 'संस्थागत क्षमता निर्माण' के घटक के अंतर्गत प्रशिक्षण केन्द्रों को राज्य-वार आबंटित और उनके द्वारा उपयोग की गई निधियां **अनुबंध-II** में दी गई हैं।

(छ) मंत्रालय की प्रौद्योगिकी केन्द्र प्रणाली कार्यक्रम (टीसीएसपी) परियोजना के अंतर्गत, 11 नए प्रौद्योगिकी केन्द्र युवाओं को अलग-अलग स्तरों पर तकनीकी कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। प्रौद्योगिकी केन्द्रों की राज्य-वार सूची **अनुबंध-III** में है।

इसके अलावा, ''नए प्रौद्योगिकी केंद्रों/विस्तार केंद्रों की स्थापना'' स्कीम के अंतर्गत, अब तक 23 को क्रियाशील किया गया है। 23 ईसी की राज्य-वार सूची **अनुबंध-IV** में है।

****

**अनुबंध-I**

**दिनांक 05.08.2021 को उत्तर के लिए 'खादी ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र' से संबंधित लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2810 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार केवीआईसी के प्रशिक्षण केंद्रों का ब्यौरा**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | प्रशिक्षण केंद्रों का नाम और पता | विभागीय/ गैर-विभागीय |
|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | खादी ग्रामोद्योग महाविद्यालय, ए.पी. खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड, राजेंद्र नगर, हैदराबाद - 500030 | विभागीय |
| 2. | असम | मल्टी डिसिप्लिनरी प्रशिक्षण केंद्र , खादी और ग्रामोद्योग आयोग, रूपा नगर, गुवाहाटी | गैर-विभागीय |
| 3. | असम | मल्टी डिसिप्लिनरी प्रशिक्षण केंद्र, असम खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड, रोहा - 781003 | गैर-विभागीय |
| 4. | असम | खादी ग्रामोद्योग विद्यालय, तामूलपुर अंचलिक ग्रामदान संघ पोस्ट: कुमारिकट्टा - 781360 जिला. बक्सा। | विभागीय |
| 5. | बिहार | डॉ. राजेंद्र प्रसाद एम.डी.टी.सी, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, बिहार पशु चिकित्सा कॉलेज, शेखपुरा, पटना- 800014 | विभागीय |
| 6. | दिल्ली | मल्टी डिसिप्लिनरी प्रशिक्षण केंद्र , खादी और ग्रामोद्योग आयोग, गांधी दर्शन, राजघाट, नई दिल्ली-110002 | विभागीय |
| 7. | जम्मू और कश्मीर | उत्पादन सह विपणन प्रशिक्षण केंद्र (खादी और ग्रामोद्योग आयोग), श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग, तहसील कार्यालय के पास, द्रंगबल, पंपोर, जिला: पुलवामा - 190001 | विभागीय |
| 8. | कर्नाटक | मल्टी डिसिप्लिनरी प्रशिक्षण केंद्र , खादी और ग्रामोद्योग आयोग, एफ.सी.आई गोदाम के पास, विजिनपुरा दूरवानीनगर, विजिनपुरा, , बेंगलुरु - 560016 | विभागीय |
| 9. | कर्नाटक | सेंट्रल विलेज पॉटरी इंस्टीट्यूट, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, एनएच-4, बेलगाँव - गोवा रोड, खानापुर- 591302, जिला: बेलगाम | विभागीय |
| 10. | कर्नाटक | खादी ग्रामोद्योग विद्यालय, (टेक्सटाइल केमिस्ट्री) कर्नाटक खादी ग्रामोद्योग संयुक्ता संघ, पोस्ट: बेंगेरी, हुबली -580023 जिला. धारवाड़ | गैर-विभागीय |
| 11. | केरल | मल्टी डिसिप्लिनरी प्रशिक्षण केंद्र , खादी और ग्रामोद्योग आयोग, पोस्ट: नदाथरा- 680 751 जिला: त्रिचूर | विभागीय |
| 12. | केरल | खादी ग्रामोद्योग विद्यालय, चेंगानेचेरी सोशल सर्विस सोसाइटी, पोस्ट : मल्लापल्ली (डब्ल्यू) -689585 जिला: पटनामथिट्टा | गैर-विभागीय |
| 13. | केरल | खादी ग्रामोद्योग विद्यालय, गांधी स्मारक ग्राम सेवा केंद्र, पोस्ट : नंथियाट्टुकुन्नम, उत्तर परवूर, जिला: एर्नाकुलम- 683513 | गैर-विभागीय |
| 14. | मध्य प्रदेश | दीनदयाल अनुसंधान संस्थान, सियाराम कुटीर, ग्राम राजौला, चित्रकूट, शैफटिक शिला, जिला: सतना - 485331 | गैर-विभागीय |
| 15. | महाराष्ट्र | डॉ बी.आर. अंबेडकर ग्रामीण प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, पोस्ट: ट्राम्बक विद्या मंदिर, नासिक -422 213 | विभागीय |
| 16. | महाराष्ट्र | सी. बी. कोरा ग्रामोद्योग संस्थान, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, शिमपोलि रोड, बोरिवली ( पश्चिम), मुंबई -400 092 | विभागीय |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 17. | महाराष्ट्र | गजानन नाइक मल्टी डिसिप्लिनरी प्रशिक्षण केंद्र, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, अगार रोड, पोस्ट: दहनु - 401 601 जिला: ठाणे | विभागीय |
| 18. | महाराष्ट्र | केंद्रीय मधुमक्खी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, खादी और ग्रामोद्योग आयोग 1153, गणेश खिंद रोड, शिवाजीनगर, पुणे -411016 | विभागीय |
| 19. | महाराष्ट्र | हस्तनिर्मित कागज संस्थान, महाराष्ट्र केवीआई बोर्ड, के.बी. जोशी रोड, शिवाजीनगर, पुणे -411005 | गैर-विभागीय |
| 20. | महाराष्ट्र | कस्तूरबा महिला खादी ग्रामोदय विद्यालय, गांधी राष्ट्रीय मेमोरियल सोसाइटी, आगाखान पैलेस, नगर रोड, पुणे- 41106 | गैर-विभागीय |
| 21. | महाराष्ट्र | क्षेत्रीय पॉटरी प्रशिक्षण केन्द्र, ग्रामोदय संघ, पोस्ट: भद्रावती - 442 902 जिला: चंद्रपुर | गैर-विभागीय |
| 22. | मिजोरम | मल्टी डिसिप्लिनरी प्रशिक्षण केंद्र, मिजोरम खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड, एट एंड पोस्टः ज़ेम्बवाक - 796001, आइजोल | गैर-विभागीय |
| 23. | नगालैंड | मल्टी डिसिप्लिनरी प्रशिक्षण केन्द्र, नागालैंड खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड, नगरजान-बी, दीमापुर- 7 9 7112 | गैर-विभागीय |
| 24. | ओडिशा | मल्टी डिसिप्लिनरी प्रशिक्षण केंद्र,  खादी और ग्रामोद्योग आयोग, गंगामुंडा छाक के पास, उद्योगपुरी, ग्राम: विलिंड, पोस्ट: खांदिगीरी- 751030 भुवनेश्वर | विभागीय |
| 25. | राजस्थान | मल्टी डिसिप्लिनरी प्रशिक्षण केंद्र , खादी और ग्रामोद्योग आयोग, क्षेत्रीय सीमा विकास कार्यालय (आरबीडीओ), माणिक्य लाल वर्मा भवन, नेहरी नगर, बाड़मेर | विभागीय |
| 26. | तमिलनाडु | केंद्रीय पालमगुर और पाम प्रोडक्ट इंस्टीट्यूट,  खादी और ग्रामोद्योग आयोग, 44 - कुमारपपुरम, पोस्ट: माधवराम मिल्क कॉलोनी (एमएमसी), चेन्नई -600051 | विभागीय |
| 27. | तमिलनाडु | खादी ग्रामोदय विद्यालय, तमिलनाडु सर्वोदय संघ, पोस्ट: वीरापंडी - 641605 जिला: तिरुपुर | गैर-विभागीय |
| 28. | उत्तर प्रदेश | चौ. चरण सिंह आईआरई और मल्टी डिसिप्लिनरी प्रशिक्षण केंद्र, खादी और ग्रामोद्योग. आयोग पांजोखेरा, पोस्ट-कांधला, जिला शामली-247,775 | विभागीय |
| 29. | उत्तर प्रदेश | खादी ग्रामोदय विद्यालय, क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम, पोस्ट: पतरंगा- 225408, जिला: बाराबंकी | गैर-विभागीय |
| 30. | उत्तर प्रदेश | जयप्रकाश नारायण सेंटर फॉर रूरल टेक्नोलॉजी, जय प्रकाश नगर, जिला: बलिया - 277204 | गैर-विभागीय |
| 31. | उत्तराखंड | मल्टी डिसिप्लिनरी प्रशिक्षण केंद्र,  खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सहस्रधारा रोड, अधोईवाला, देहरादून - 248001 | विभागीय |
| 32. | उत्तराखंड | मल्टी डिसिप्लिनरी प्रशिक्षण केंद्र, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, मेडिकल कॉलेज परिसर, रामपुर रोड, पी.बी. नंबर 27, हल्द्वानी -263139 | विभागीय |
| 33. | पश्चिम बंगाल | मल्टी डिसिप्लिनरी प्रशिक्षण केंद्र, खादी और ग्रामोद्योग आयोग केवीआईसी-लैदर अम्ब्रेला प्रोजेक्ट, कल्याणी, चांदमारी, पीओ गयेशपुर, जिः नादिया- 741234 | विभागीय |
| 34. | पश्चिम बंगाल | इंटेन्सिव खादी और ग्रामीण विकास केंद्र पोस्ट: किरणहर- 731 302 जिला: वीरभूम | गैर-विभागीय |

अनुबंध-II

**दिनांक 05.08.2021 को उत्तर के लिए 'खादी ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र' से संबंधित लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2810 के भाग (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान केआरडीपी के अंतर्गत आधुनिकीकरण सहित ''संस्थागत क्षमता निर्माण'' के घटक के अंतर्गत प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा आबंटित और उपयोग की गई राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार निधियां

(लाख रू. में)

| वर्ष | राज्य का नाम | आबंटित निधियां | उपयोग की गई निधियां |
|---|---|---|---|
| 2018-19 | राजस्थान | 30.00 | 4.00 |
| | पश्चिम बंगाल | 370.00 | 2.75 |
| | पश्चिम बंगाल | | 370.00 |
| | **कुल** | **400.00** | **376.75** |
| | | | |
| 2019-20 | पश्चिम बंगाल | 23.00 | 30.50 |
| | तमिलनाडु | 114.64 | 15.70 |
| | कर्नाटक | | 16.87 |
| | उत्तर प्रदेश | | 44.57 |
| | राजस्थान | | 12.00 |
| | जम्मू और कश्मीर | | 1.19 |
| | **कुल** | **137.64** | **120.83** |
| | | | |
| 2020-21 | हरियाणा | 117.00 | 1.70 |
| | ओडिशा | | 3.00 |
| | पश्चिम बंगाल | | 3.00 |
| | उत्तर प्रदेश | | 12.00 |
| | छत्तीसगढ़ | | 6.00 |
| | राजस्थान | | 21.00 |
| | उत्तराखंड | | 37.64 |
| | असम | 100.00 | 33.00 |
| | महाराष्ट्र | | 33.00 |
| | कर्नाटक | | 33.00 |
| | **कुल** | **217.00** | **183.34** |
| | | | |
| 2021-22 | - | 800.00 | - |

एमडीटीसी- बहु-विषयक प्रशिक्षण केन्द्र

अनुबंध-III

**दिनांक 05.08.2021 को उत्तर के लिए 'खादी ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र' से संबंधित लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2810 के भाग (छ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

प्रौद्योगिकी केंद्र प्रणाली कार्यक्रम (टीसीएसपी) के अंतर्गत राज्य-वार नए तकनीकी केंद्र

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | नई टीसी साइट का स्थान |
|---|---|---|
| 1 | हरियाणा | भिवाड़ी |
| 2 | आंध्र प्रदेश | पुडी, विशाखापत्तनम |
| 3 | मध्य प्रदेश | भोपाल |
| 4 | हरियाणा | रोहतक |
| 5 | पुदुचेरी | पुदुचेरी |
| 6 | उत्तर प्रदेश | कानपुर |
| 7 | हिमाचल प्रदेश | बद्दी |
| 8 | उत्तराखंड | सितारगंज |
| 9 | मणिपुर | इम्फाल |
| 10 | छत्तीसगढ़ | दुर्ग |
| 11 | कर्नाटक | बेंगलुरु |

अनुबंध-IV

दिनांक 05.08.2021 को उत्तर के लिए 'खादी ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र' से संबंधित लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2810 के भाग (छ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

23 विस्तार केन्द्रों की राज्य-वार सूची

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | विस्तार केंद्रों का स्थान |
|---|---|---|
| 1 | उत्तराखंड | हल्द्वानी |
| 2 | ओडिशा | क्योंझर |
| 3 | | भवानीपट्टनम |
| 4 | | बेहरामपुर |
| 5 | तेलंगाना | करीमनगर |
| 6 | राजस्थान | उदयपुर |
| 7 | | कोटा |
| 8 | | जयपुर |
| 9 | | नागौर |
| 10 | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 11 | केरल | एट्टुमानूर |
| 12 | | तिरुवल्ला |
| 13 | तमिलनाडु | मदुरै |
| 14 | | वानियमबाडी |
| 15 | हरियाणा | निलोखेड़ी |
| 16 | | फरीदाबाद |
| 17 | गुजरात | साणंद |
| 18 | | भावनगर |
| 19 | महाराष्ट्र | वालुज |
| 20 | असम | जोरहट |
| 21 | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 22 | दिल्ली | ओखला |
| 23 | जम्मू और कश्मीर | श्रीनगर |